


# ढक्कन से लटकन

**आवश्यक सामान**

- टीन के ढक्कन
- ठोंकने के लिए लकड़ी का टुकड़ा
- कील
- हथौड़ी
- बड़ी कैंची या टीन काटने वाली कैंची











लाल रेखाओं पर काटो।

1. टीन के चपटे ढक्कन को लकड़ी के एक टुकड़े पर रखो। कील की नोक से टीन में गोल छेद करो और कील के मत्थे को लिटाकर लम्बे छेद करो।




2. टीन के ढक्कन को हथौड़ी के हैंडिल पर रखकर मोड़ो।
3. अपने लटकन को धागे से लटका दो।

# सन्तुलन वाले खिलौने

## जूस के डिब्बे का खिलौना

**आवश्यक सामान**

- जूस का एक लीटर वाला खाली डिब्बा
- फूल झाड़ू की सींकें
- गीली मिट्टी या प्लास्टीसीन की दो गेंदें
- पेंसिल




चित्रों में दिखाए अनुसार खिलौना बनाओ और उसे एक तनी हुई डोरी पर सन्तुलित करो। ज़रूरत पड़ने पर मिट्टी की गेंदों को ऊपर-नीचे करो।

**सन्तुलन काफी मुश्किल मामला है। मिट्टी या प्लास्टीसीन की गेंदें भारी होनी चाहिए और उन्हें खिलौने के गुरुत्वाकर्षण केन्द्र से काफी नीचे होना चाहिए। तभी डिब्बा डोरी या उँगली पर सन्तुलित रह पाएगा। रस्सी पर चलने वाले सर्कस के नट इसी तरकीब को अपनाते हैं।**

## सन्तुलित गुटका

**आवश्यक सामान**

- लकड़ी का गुटका और बरमा या स्टायरोफोम का टुकड़ा
- फूल झाड़ू की दो सींकें
- गीली मिट्टी या प्लास्टीसीन की दो गेंदें
- पिन या कील




1. लकड़ी के गुटके में एक कोण पर दो छेद करो जिनमें झाड़ू की सींकों को फँसाया जा सके। या फिर सींकों को स्टायरोफोम के गुटके में घुसा दो (अगर वे ढीली हों तो उन्हें चिपका दो)। सन्तुलन लाने वाले इन भारी हाथों का कोण भी बहुत महत्वपूर्ण है - वह न तो ज़्यादा चौड़ा हो और न ही ज़्यादा सँकरा।
2. गुटके के बीच में एक कील घुसाओ।
3. दोनों सींक के निचले सिरों पर वज़न के लिए मिट्टी की गेंदें चिपकाओ। मिट्टी को अच्छी तरह दबा दो जिससे वह चिपकी रहे और गिरे नहीं। गुटका तुम्हारी उँगली पर इतने अच्छे ढंग से सन्तुलित हो जाएगा कि तुम उसके साथ दौड़ भी पाओगे।


## पंख का सन्तुलन

**आवश्यक सामान**

- पंख
- दो पेपर क्लिप
- प्लास्टीसीन की गेंद
- प्लास्टीसीन का आधार




1. दो पेपर-क्लिप को सीधा कर लो।
2. एक क्लिप को मोड़कर बीच में एक गोल छल्ला बनाओ। इसके एक सिरे को पंख में घुसाओ और दूसरे को प्लास्टीसीन की एक गोली में धँसा दो।
3. दूसरे क्लिप को चित्र में दिखाए अनुसार मोड़ो। उसके एक सिरे पर हुक बनाओ। दूसरे छोर को प्लास्टीसीन के आधार में घुसाओ। पहले क्लिप के छल्ले को दूसरे क्लिप के हुक में फँसाओ जिससे पंख सन्तुलित रहे। प्लास्टीसीन की गोली के भार को कम-ज़्यादा करके या गोली को अन्दर-बाहर करके पंख को अच्छी तरह से सन्तुलित किया जा सकता है।



## खजूर और कॉर्क का खिलौना

**आवश्यक सामान**

- कॉर्क (ज़्यादा बड़ी नहीं)
- दो बड़े खजूर
- दो पेपर-क्लिप
- पिन
- रबर वाली पेंसिल




1. दोनों पेपर-क्लिप को सीधा कर लो।
2. उनके एक-एक सिरे को कॉर्क में मध्य-बिन्दु के ऊपर घुसाओ।
3. दूसरे सिरों पर एक-एक भारी खजूर लटकाओ (ज़्यादा वज़न के लिए और ज़्यादा खजूर लटका सकते हो)।
4. पेंसिल के छोर में लगे रबर में एक पिन घुसा दो। फिर कॉर्क को पिन के मत्थे पर सन्तुलित करो। ज़रूरत के हिसाब से फेरबदल करो।

**छोटी और भारी चीज़ें बड़ी और हल्की चीज़ों को सन्तुलित करती हैं।**


# तार के ज़ेवर


**आवश्यक सामान**

• ताम्बे या पीतल का मोटा और पतला तार • नोक वाला प्लास • तार काटने वाला प्लास • भिन्न-भिन्न मोटाई के बेलनाकार लकड़ी के टुकड़े • हथौड़ी • धातु को ठोंकने के लिए लोहे की सख्त सतह • कान के कुण्डल के स्क्रू




तार को बेलनाकार लकड़ी के चारों ओर मोड़कर जलेबीनुमा जोड़ और छल्ले बनाओ। लोहे की सतह पर ठोंककर तार के छल्लों को चपटा करो। फिर उन्हें प्लास से सही नाप का काटो।





तार मोड़ने का "जिग" या जुगाड़ बनाने के लिए किसी लकड़ी के पटिए पर कील ठोंको।







साड़ी-पिन




टाई पिन



छल्लों की माला





पकड़ के भिन्न-भिन्न तरीके